2 गज दूरी
मास्क जरूरी

KPT
KUMAWAT
PRAGATI TRUST

मासिक

# कुमावत इंडिया

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com

website : www.kumawatindiapatrika.com

वर्ष-5 | अंक-9 अप्रैल-2022 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00





Mail : yudhishtherkumawat15@gmail.com
**Mob.: 9414155966**

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.)
के अहमदाबाद अधिवेशन 26-27 मार्च, 2022 में

# युधिष्ठिर कुमावत

## राष्ट्रीय अध्यक्ष

चुने जाने पर सभी समाजजनों का

# हार्दिक आभार



पिता : स्व. श्री लक्ष्मीनारायण बबेरीवाल





माता : स्व. श्रीमती दाखी देवी





# श्रीमती सुंदर देवी कुमावत

प्रबन्ध निदेशक, मो. : 7073424735

# होटल बाउजी पैलेस

भंडारी पेट्रोल पम्प के पास, आर.के. सर्कल, पुलां, उदयपुर 313001



## कुमावत प्रगति ट्रस्ट

**पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018**



| | | | |
|---|---|---|---|
| मुख्य संरक्षक | : | सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा) | मो. 9414994006 |
| अध्यक्ष | : | रमेश कुमावत (गेदर) | मो. 9414554322 |
| उपाध्यक्ष | : | रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट | मो. 9887440666 |
| सचिव | : | श्रीमती भारती तोंदवाल | मो. 9414810584 |
| कोषाध्यक्ष | : | लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल | मो. 9549656438 |
| सदस्य ट्रस्टी | : | सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल) | मो. 9829056063 |
| | | हेमचन्द खड़गटा | मो. 9351682036 |
| | | मनोज सिरस्वा | मो. 9414043127 |
| | | रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) | मो. 9414074376 |
| | | जयकिशन सोकिल | मो. 9829125428 |
| | | चेतन बालोदिया | मो. 9414052736 |
| सलाहकार | : | गिरधारी लाल सिंघनवाल | मो. 9414263429 |

**सम्पादक मण्डल :** रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169, मनीष कुमावत 9660702083 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

**व्यवस्थापक मण्डल :** महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428, अशोक कुमावत - 9352070394 एवं श्रीमती शशि कला बालोदिया।

**उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629

**पत्रिका सहयोगी :**

**छत्तीसगढ़ :** रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397** **दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580** **सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444** **वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299** **मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188** **जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301** **कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402** **सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657** **उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044**, दयाशंकर रावड़िया **मो. 9414391034** **ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493** **किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499** **बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957** **सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812** **इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **प्रोसेसिंग व मुद्रक :** राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर

**सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ट संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-600**

**विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700**

**नोट 1 :** संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ट संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

**नोट 2.** 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे।
6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

**बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385**
यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर सूचित अवश्य करें।



**स्वत्वाधिकार :** कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)


## सम्पादकीय



हाल ही में कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के चुनाव संपन्न हुए तथा लोकतांत्रिक तरीके से राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में **श्री युधिष्ठिर कुमावत** तथा अन्य पदाधिकारी चुने गए। निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई। यद्यपि यह चुनाव 3 वर्ष में करने का प्रावधान है किंतु न्यायिक विवाद की आड़ लेकर टाले जाते रहे तथा एक और महासभा का प्रादुभाव हुआ, इससे समाज बंट गया व सामाजिक एकता का ह्रास हुआ। अंतत: समझौता करके 12 वर्ष बाद चुनाव कराए गए।


कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) के अंतर्गत राजस्थान को तीन जोन में बांटा गया है- 1. दक्षिणी पूर्वी जोन 2. दक्षिण पश्चिमी जोन 3/उत्तर पूर्वी जोन। राजस्थान में महासभा के कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की संख्या 110 पूरे जयपुर में मतदाता 9766 अजमेर जिले में 1392 इस प्रकार कुल मतदाता लगभग 25,000 हैं जोकि हमारे समाज की जनसंख्या को देखते हुए नगन्य में है। मेरे विचार से निर्वाचित कार्यकारिणी को योजना बनाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए सर्वप्रथम पूरे राजस्थान में वार्डवाइज, तहसील स्तर पर समाज की जनगणना का काम शुरू कर नये सदस्यों का पंजीकरण करना चाहिए।

सभी प्रतिनिधि मिल बैठकर समाजहित पर चर्चा करें, संभव हो तो प्रस्ताव सर्वसम्मति से निर्णित किए जावे, इन निर्णयों का कार्यान्वयन संस्था के सभी सदस्य करें तथा जब निर्धारित अवधि पूर्ण हो उससे पहले चुनाव कराकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करें। कार्य करने के लिए 3 वर्ष की अवधि कम नहीं होती हैं। महासभा की नियमित मीटिंग सभी जोन में बारी-बारी से हो। समाज उत्थान के लिए एजेंडा शीघ्र निर्धारित किया जाना उचित होगा। सामाजिक बुराईयां जैसे मृत्युभोज का पूर्ण उन्मूलन करना सुनिश्चित हो। भात या पहरावनी अब अप्रासंगिक हो गई इसे बंद करने पर विचार विमर्श करें। विवाह में अथितियों एवं पकवानों की अधिकतम संख्या निर्धारित करके पालना कराने पर विचार हो, जिससे समाज का धन अनुत्पादक कार्यों में बर्बाद नही हो। समाज के आर्थिक उत्थान के लिए शिक्षा, छात्रवृति, हॉस्टल, व्यावसायिक शिक्षा/ट्रेनिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी देने की व्यवस्था हो। राजस्थान में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव है। राजनेतिक पार्टियों में संगठन में पद लेने का भी ध्यान रखे। इससे हमारे समाज की बात भी सुनी जा सकेगी।

हमारे समाज के प्रगतिशील, जुझारु कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस में करीबन 1 वर्ष 6 माह में समाज बंधुओं को राजनीतिक पार्टियों ने पद की जिम्मेदारी थी जिनमें प्रमुख है श्री मुकेश वर्मा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस, सचिव, श्री ललित तुनवाल राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव, श्री डूंगर राम के गैदर शिल्प एवं माटी कला बोर्ड उपाध्यक्ष, श्री विमल कुमावत बीजेपी जयपुर शहर के उपाध्यक्ष, श्री सुनील कुमावत भाजपा राजस्थान सहकारी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक, श्री युधिष्ठिर कुमावत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्री रामस्वरूप खोरानिया प्रदेश मंत्री बीजेपी ओबीसी मोर्चा, श्री किशन जी कुमावत भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, श्री दीपक कुमावत(प्रतापगढ़) बीजेपी किसान मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष, एडवोकेट सुरेंद्र लांबा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, श्री दिलीप चौधरी भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण उपाध्यक्ष, श्री कैलाश जी बोरावड बीजेपी गुजरात प्रदेश के भाषाभाषी सेल के सदस्य, **श्री चेतन कुमावत** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जयपुर शहर जिलाध्यक्ष आदि प्रमुख हैं। उन्हें बहुत-बहुत बधाई। यह उपलब्धि उनके स्वयं के प्रयास व समाज के कुछ नेताओं के समर्थन से हासिल हुई। इसी प्रकार हमारे और साथी राजनेतिक दलों में पद प्राप्त कर समाज का प्रतिनिधित्व करे तो हम राजनीतिक रूप से सशक्त हो सकते हैं।

**- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)**

# हार्दिक बधाई





**चि. पीयूष मनोहर संग सौ.कां. मोनिका मनोहर**

को विवाह गुरुवार, 10 फरवरी, 2022 की

**हार्दिक बधाई**





**शुभेच्छु**

**वर पक्ष :**

श्रीमती गीता देवी एवं मुरली मनोहर अकिंचन (माता-पिता) एवं आशीष मनोहर अकिंचन-मनस्वी मनोहर (भैया-भाभी)



**शुभेच्छु**

**वधू पक्ष :**

श्रीमती मोना देवी एवं स्वर्गीय लड्डू गोपाल जी भोड्या (माता-पिता), श्रीमती बिंदिया एवं श्री विजेन्द्र कुमावत (भैया-भाभी), श्रीमती नमिता एवं श्रीचंद जी खुड़िया, श्रीमती विनीता एवं श्री सन्नी जी कुमावत (दीदी-जीजाजी), अनामिका (बहिन), लेहांश, खुशी (भतीजा-भतीजी)

**'गीत गोविन्द' 81, श्री राम नगर-ए, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर**
**9509977763, 9414057683**

# युधिष्ठिर कुमावत



आपका जन्म 15 अगस्त, 1956 को माता दाखी बाई व पिता लक्ष्मीनारायण के परिवार में हुआ। आपकी शिक्षा उदयपुर शहर में हुई, व स्नातक (कला) तक शिक्षा ग्रहण की। आपने 16 वर्ष की आयु में 1972 में महंगाई विरोधी आंदोलन में भाग लेकर जेल यात्रा की। आपात काल के दौरान 19 वर्ष की आयु में 25 दिसंबर 1975 से 7 माह तक जेल में रहे। वर्ष 1990 के राम जन्मभूमि आंदोलन में आपके नेतृत्व में युवाओं की टोली हरदोई, सीतापुर, पीलीभीत, सितारगंज आदि स्थानों पर गई तथा डा. संपूरणानंद ओपन जेल में आपको रहना पड़ा। संगठन के लिए निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर आप संगठन व समाज में अपना योगदान दिया।

**छात्र राजनीति में भूमिका :** 1973 में रमेशचंद्र नागर राय श्रमजीवी स्कूल के छात्र संघ प्रधानमंत्री रहे। 1977 में श्रमजीवी कालेज के सांस्कृतिक सचिव, 1978 में महासचिव, 1979 में छात्र संघ अध्यक्ष बनकर अपनी एक अलग पहचान बनाई। कुमावत 1980 में विश्वविद्यालय छात्रसंघ महासचिव रहे।

**बने प्रेरणास्त्रोत :** आपने सांस्कृतिक और जन परम्पराओं से जुडकर गायन, वादन, नाट्यशेली आदि विधाओं में भी पारंगत रहकर दो वर्ष तक मुम्बई व चंडीगढ़ के युवा समारोह में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। 1981 में कबड्डी में विशेष योग्यता का परिचय दिया। 1982 से 1986 तक आलोक विद्यालय में कुशल अध्यापक के रूप में सेवाएं दीं।

**सक्रिय राजनीति में भूमिका :** 1987-88 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष बने। 1989 से 1993 तक भाजपा अन्य पिछडा वर्ग प्रदेश मंत्री के रूप में मेवाड़ संभाग के प्रभारी के नाते संगठन को मजबूत किया। 1994 में 23 साल बाद हुए स्थानीय निकाय चुनाव में अहम भूमिका रही और उदयपुर में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बना। 1999 में पुन: भाजपा का बोर्ड बना और आप उदयपुर नगर पालिका सभापति निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 तक सभापति रहते हुए प्रभावशाली तरीके से उदयपुर शहर में विकास के कार्य कराए। इसके बाद आप भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि रहते हुए विधानसभा व लोकसभा चुनाव व्यवस्था भी संभाली। हर चुनाव में सक्रिय भागीदारी रही।

**सामाजिक क्षेत्र में भूमिका :** आप वर्ष 1990 से महासभा के सदस्य हैं। वर्ष 2010 से महासभा के एकीकरण के प्रयास में आपकी भूमिका अग्रणी रही। आपके नेतृत्व में महासभा के दक्षिण-पश्चिम जोन व सभी जिलों के अध्यक्ष-महामंत्री पदों पर निर्विरोध निर्वाचन कराया गया। 2010 में निजी स्वार्थ के चलते महासभा दो भागों में विभक्त हो गई। कई बार बैठकों के दौर चले। अनंत: 19 जुलाई 2019 को महासभा का एकीकरण हुआ। संविधान निर्माण समिति सदस्य जगदीश जी घासीवाल का इसमें योगदान रहा। चुनाव 10 दिसंबर 2021 को होने वाले थे। लेकिन कोरोना गाइडलाइन के कारण नहीं हो पाए। 23 फरवरी 2022 को बरारडा (राजसमंद) में हुई बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव 26-27 मार्च 2022 को कराने की घोषणा की गई। 27 मार्च, 2022 को अहमदाबाद में महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में महासभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से आपको महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री युधिष्ठिर कुमावत को हार्दिक बधाई। आशा है आपके नेतृत्व में कुमावत समाज उल्लेखनीय प्रगति करेगा।

# चेतन कुमावत (धुंधारिया)



आपका का जन्म 1 नवम्बर 1971 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। प्रख्यात हैण्डीक्राफ्ट ऑर्टिस्ट श्री सोहनलाल धुंधारिया आपके पिता थे तथा श्रीमती प्रभाती देवी माता है। आपकी शिक्षा जयपुर में हुई। आपने राजस्थान विश्वविद्यालय से बी.कॉम की शिक्षा ग्रहण की। आप बचपन से ही दयालु, सेवाभावी व मेहनती है। वर्ष 1998 में आपका विवाह रेणु कुमावत पुत्री सत्यनारायण कुमावत एडिशनल एस.पी. निवासी जयपुर से हुआ। आपकी पत्नी रेणु कुमावत वर्तमान में राज्यसेवा में हैं। आपका पुत्र तनुज कुमावत एम.बी.ए में अध्ययनरत है। जब आप 9 वर्ष के थे, आपके पिताजी के स्वर्गवास हो गया और परिवार की समस्त जिम्मेदारी आपके कंधे पर आ गई। आपके पिता 4 बहनें और 2 भाईयों की जिम्मेदारी परिवार में छोड़कर गये थे। आप दोनों भाईयों ने ही कठिन परिश्रम और मेहनत करके 4 बहनों व स्वयं की शादी विवाह व पारिवारिक जिम्मेदारियाँ पूर्ण की। वर्तमान में आप हैण्डीक्राफ्ट के व्यवसाय में हैं तथा आपकी फर्म सी.के. हैण्डीक्राफ्ट, ए-57, पार्श्वनाथ कॉलोनी, अजमेर रोड़, जयपुर में स्थित है। हैण्डीक्राफ्ट व्यवसाय में आपका नाम देश ही नहीं विदेशों में जाना व पहचाना जाता है। अभी आप श्री कुमावत क्षत्रिय सामूहिक विवाह समिति, (रजि.), जयपुर तथा कुमावत (खड़गटा-धुंधारिया) जन मंगल सेवा ट्रस्ट, (रजि.) जयपुर के उपाध्यक्ष है।

बचपन से आपका सपना सेना में जाकर देश की सेवा करना था, परन्तु पारिवारिक परिस्थितियों के कारण आप फौज में तो नहीं जा पायें। किन्तु कोविड-19 महामारी के दौरान आपने अपने 'टीम चेतन धुंधारिया' का गठन किया। कोविड-19 में जब लोग घरों में बंद थे, लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, ऐसे विकट समय में आपने अपनी जान की परवाह न करते हुए मानव सेवा का बीडा उठाया। शेष पृष्ठ 14 पर ...

# मोहन कुमार बालोदिया की म्यूजिक नाईट सम्पन्न



'ये जो मोहब्बत है' के नाम से रविवार 3 अप्रेल, 2022 को महाराणा प्रताप सभागार, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर में बालोदिया डामंड आर्केस्ट्रा तथा बालोदिया इवेन्ट्स की ओर से बालीवुड गोल्डन ऐरा गीतों से सजी शाम 109वीं कड़ी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मोहन कुमार बालोदिया के निर्देशन में अनेक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्धकर दिया जिनमें रश्मी बालोदिया का भी अहम रोल रहा।

आर्टिस्टों ने इन बॉलीवुड गानों की प्रस्तुत दी- परदेश जाके ओ परदेशिया..., सोचेंगे तुम्हें प्यार करें..., ये जो मुहब्बत..., पग घुंघरू बांध मीरा..., तुझे जीवन की डोर से..., मुझे नोलखा मंगा दे... आदि-आदि। वहीं संगीत की मधुर धुनों का वाद्य यंत्रों से साथ देने वाले कलाकारों ने भी कोई कसर बाकी नहीं रखी। इस कार्यक्रम को देखने के लिए सभागार दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। आर्टिस्टों ने दर्शकों की जमकर तालियां बंटोरी। सभी के सहयोग एवं सामंजस्य से 'ये जो मोहब्बत है' कार्यक्रम सफल रहा।

**यू-ट्यूब पर भजन जारी :** श्री मोहन कुमार बालोदिया व यू-ट्यूब पर एक भजन "भजले राम-राम...." हॉल ही में लाँच किया है, इसे बहुत ही पसंद किया गया है। इस भजन के गीतकार व संगीतकार भी स्वयं श्री मोहन कुमार बालोदिया हैं।

श्री बालोदिया प्रतिवर्ष संगीत संध्या का ऐसा कार्यक्रम अनेक वर्षों से कर रहे हैं तथा इन कार्यक्रमों में सदाबहार बालीवुड गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका गायक श्री मोहन बालोदिया के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।






नया भजन ''भजले राम राम'' YouTube पर देखने के लिए ''मोहन कुमार बालोदिया'' टाइप करें




Subscribe /MOHANKUMARBALODIA
Follow /MOHANKUMARBALODIA
Follow /MOHANKUMARBALODIA
mohankbalodia@gmail.com
9829089930
9829089930

बधाई

श्रीमती पूनम अजमेरा

महिला उद्यमी (गणपति स्टोन इंडस्ट्रीज, जयपुर) का
कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.)
की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर

हार्दिक बधाई



- सोहन लाल अजमेरा, एडवोकेट, सांगानेर, जयपुर
- अजय अजमेरा, सांगानेर, जयपुर
- भगवान लाल संडूदिया, उदयपुर
- चन्द्र प्रकाश अजमेरा, मालवीय नगर, जयपुर


चेतन कुमावत
जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर
बनने पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ
शुभेच्छुः
SAR Architect and interior Designer
Ar. Raj Kumawat Mob.: 8107301903
SAR Investment and Securities
Piyush Verma Mob.: 8005913927
SAR Construction and Developers
Priyanshu Verma Mob.: 80005 16893
PLOT NO 219-A SHILP COLONY JHOTWARA JAIPUR RAJASTHAN

## रामनवमी के अवसर कुमावत समाज का भव्य आयोजन, शोभायात्रा निकाली



भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठर कुमावत के मंदसौर पहुंचने पर समाज के लोगों ने उनका अभिनंदन किया। क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज नरसिंगपुरा की ओर से मंदसौर में आयोजित रामनवमी महोत्सव में राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठर कुमावत ने कहा कि संगठित रहकर ही हम समाज के विकास की दिशा तय कर सकते है। इसके लिए महासभा समाज की इकाई के रूप में काम करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि कुमावत समाज की ओर से पूरे भारत में रामनवमी को जाति दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा दक्षिण पश्चिम जोन के मीडिया प्रभारी संदीप कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर करीब पांच किलोमीटर रूट पर शोभायात्रा निकाली गई। पैदल यात्रा में समाजजनों ने युधिष्ठर कुमावत का फूल मालाओं से अभिनंदन किया। महोत्सव में भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सूरजमल अडानिया, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री प्रेमलता बाथरा, दक्षिण-पश्चिम जोन उपाध्यक्ष गोपाललाल ओस्तवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल घोडेला, पूनमचंद ओस्तवाल, मध्यप्रदेश कुमावत समाज अध्यक्ष लीलाधर दोराया का भी स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर कुमावत समाज मंदसौर अध्यक्ष राधेश्याम बरानिया, उपाध्यक्ष वरदीचंद छापरवाल, कोषाध्यक्ष कारूलाल भमोलिया, छोकरा पंचायत अध्यक्ष कन्हैयालाल टान्क, उपाध्यक्ष जगदीश घाटोला, सचिव भंवरलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष दुर्गा नारायण मंडोवरा, राजेन्द्र कुमार घोडेला, नरसिंगपुरा समाज उपाध्यक्ष अश्विन छापरवाल आदि समाजजन उपस्थित थे। तीन दिवसीय दौरे में मंदसौर के अलावा नीमच, धार, भानगढ़ तथा उज्जैन आदि स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ।

## उदयपुर में रामनवमी पावन पर्व को 'जातीय दिवस' के रूप में मनाया



सम्पूर्ण उदयपुर कुमावत समाज द्वारा रामनवमी के पावन पर्व को जातीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया, महासभा भवन पर श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड पाठ, सायं नाराघाटी से महासभा भवन तक 101 कलश शोभायात्रा में महिलायें पारंपारिक चूंदड़ एव पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा, केसरिया साफा पहन कर तथा उसके बाद सायंकाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

इस **'जातीय एकता दिवस'** के आयोजन के मुख्य अथिति पंचायत महामन्त्री,पांच खेड़ा श्री श्याम सुंदर जी माननीया, लक्ष्मी नारायण मंदिर पांच खेड़ा के अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल जी नाहर, पंचायत पुलां अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र जी भदानिया, देवाली पंचायत अध्यक्ष श्री भागचंद जी बातरा,चांदपोल पंचायत अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम जी उदीवाल, सकरामपुरा अध्यक्ष श्री ख्याली लाल जी टाँक, सूरजपोल पंचायत अध्यक्ष श्री मानक जी बबेरिवाल, मंडी पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम जी पटवा, प्रवासी समिति अध्यक्ष श्री हरीश जी आसीवाल, नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री युधिष्ठिर कुमावत, राष्ट्रीय वित्त मंत्री श्री दुर्गालाल जी बम्बोरिया, जनगणना मंत्री श्री हरि सिंह जी घटेलवाल,द.प.जोन अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र जी झालवार, प्रदेश महामंत्री श्री दयाशंकर जी रावड़िया, महासभा भवन निर्माण समिति संरक्षक श्री गिरधारी लाल जी सिंघलवाल, श्रीमती कमला जी टाँक, श्री माणक जी अड़ानिया, श्रीमती यशोदा जी टाँक तथा श्रीमती मंजू जी टाँक थी।

सर्वप्रथम मंचासीन अथितियों द्वारा प्रभु श्रीरामजी की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

जिला महासभा अध्यक्ष श्री युवराज सिंह नाहर ने सभी अथितियों का आभार व्यक्त कर महासभा के पदाधिकारियों द्वारा मंचासीन मुख्य अथितियों को उपरना ओडाकर स्वागत करवाया।

कार्यक्रम का मंच संचालन कुमावत युवाशक्ति जिलाध्यक्ष श्री अविनाश जी बातरा एव प्रवक्ता श्रीमती पायल जी टाँक ने की।

अंत मे जिला महासभा महामंत्री श्री मुकेश जी गोठवाल ने सभी मंचासीन मुख्य अथितियों एव कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बन्धुओ, माताओं, बहनों एव युवाओं को कार्यक्रम में पधार कर सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया तथा महाप्रसादी लेने का आग्रह कर कार्यक्रम सम्पन्न होने की घोषणा की।

– **वी एल मंडावरा,** मंत्री, जिला महासभा, उदयपुर

### उत्तम विचार

''हमारी पीढ़ी की आलोचना करने वाले भूल जाते हैं कि इस पीढ़ी को पालपोस कर बड़ा किसने किया है।''

''जीवन अपने आपको खोजना नहीं है। जीवन अपने आपका निर्माण करना है।''

# आइये पक्षियों का सहारा बने



टीम चेतन धुंधारिया के तत्वावधान में चलाए जा रहे **'आइये पक्षियों का बने सहारा अभियान'** के तहत आज अनेक जगहों पर टीम द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे बांधे तथा दूसरे लोगों को प्रेरित करने व नियमित पानी भरने का संकल्प लिया। टीम के प्रवक्ता जयसिंह कुमावत ने बताया कि टीम चेतन धुंधारिया की ओर से गर्मी का मौसम शुरू होते ही **''परिंडा बांधों, पक्षी बचाओ''** अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत टीम के सदस्य परिंडा बांधने के अभियान में जुटे हुए हैं। टीम के संस्थापक चेतन कुमावत ने कहा कि आने वाले कुछ सालों में पंछी गुम हो जाएंगे तो, तब हम अपने बच्चों को प्रकृति की इस महत्वपूर्ण देन को कैसे दिखायेंगे। इसलिए पक्षियों को बचाना हमारा धर्म है।

# सेल्फी विथ परिंडा अभियान, कुचामन नावां




अपना समाज 2018 कुचामन–नावां ग्रुप की ओर से रामनवमी के अवसर पर द्वितीय **परिंडा लगाओ परिंदा बचाओ** व **सेल्फी विथ परिंडा मुहिम** के अन्तर्गत परिण्डे लगाए गए। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों के साथ सर्वसमाज के लोगों ने भी परिण्डे लगाकर सेल्फी ली और उसे शेयर किया। अभियान के प्रथम दिन 700 से अधिक परिंडे लगाए गए। ग्रुप एडमिन रतन कुमावत, रमेश पिपलोदा एवं महेश पिपलोदा के अनुसार इन परिंडों में नियमित रूप से पानी व दाना डालने के लिए सदस्यों को जागरूक कर जिम्मेदारी निश्चित करवाई गई। इस अभियान में कुवैत, बैंगलोर, चण्डीगढ़, लखनऊ, जोधपुर, जयपुर, उदयपुर आदि स्थानों से भी लोगों ने हिस्सा लिया। पूर्व विधायक हरिश कुमावत ने कहा कि गर्मी के मौसम में अक्सर पक्षी शहर के आसमान में चक्कर लगाते हैं। यदि उन्हें झील, तालाब या अन्य जलस्रोत मिल जाए तो ठीक, नहीं तो उन्हें थोड़े से पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में पक्षियों को गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में शीतल जल उपलब्ध हो इससे अच्छा कुछ नहीं।

इस अभियान की 'कुमावत इंडिया' पत्रिका प्रशंसा करती है तथा अपील करती है कि हम सभी अपने घरों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर पुण्य कमाएं।

# भंदे बालाजी परिसर में जल मंदिर का शुभारंभ

भंदे बालाजी परिसर में बस स्टेंड के सामने जल मंदिर का उद्घाटन प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंत्री श्री रामस्वरूप कुमावत द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राम बोराज के सरपंच श्री सुरेन्द्र सिंह मीणा, जिला परिषद सदस्य मनोज कुमावत, उपसरपंच राजेश कुमावत, चेतराम कुमावत, दिनेश कुमावत तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कुमावत पंचायत संस्थान सूरजपोल, उदयपुर के चुनाव सम्पन्न

कुमावत पंचायत संस्थान, कुमावतपुरा, सूरजपोल, उदयपुर के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें श्री माणक बबेरीवाल अध्यक्ष तथा श्री सुधीर कुमावत महामंत्री निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष श्री प्रेम नारायण झालवार एवं श्री डूंगर सिंह बबेरीवाल, मंत्री श्री मदनसिंह बबेरीवाल व महेन्द्र ईठारा, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश माननीया व श्री मुकेश बबेरीवाल निर्वाचित हुए। नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण मुख्य अतिथि श्री किशनलाल मुंडेल द्वारा कराया गया। श्री युधिष्ठिर बबेरीवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर समाजजनों, भामाशाहों, नवयुवक मंडल व मातृशक्तियों का सम्मान किया गया।

# पुलां पंचायत, उदयपुर नवयुवक मण्डल के चुनाव सम्पन्न

पुलां पँचायत के सानिध्य में नवयुवक मण्डल के चुनाव सम्पन्न हुए। सभी युवा साथियों ने सर्वसम्मति से पँचायत पदाधिकारियों के सानिध्य में नई कार्यकारणी का गठन किया। जिसमें–अध्यक्ष गौरव बाबरिया, महामन्त्री दीपक धनारिया, उपाध्यक्ष विकास गोठवाल, कोषाध्यक्ष मयंक झालवार, मंत्री हार्दिक गोठवाल, खेल मंत्री दिपेश गोठवाल, प्रचार प्रसार मंत्री हिमांशु भादानिया, संगठन मंत्री शंकर गोठवाल तथा कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव किया गया। पँचायत अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र भदानिया एव अन्य पदाधिकारियों ने सभी नवगठित नवयुवक मण्डल के पदाधिकारियों का उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया ।

## अक्षय तृतीया–अबूझ मुर्हूत

वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया आती है, इस बार यह 3 मई, 2022 को है। सभी अभिष्ट कार्यों के लिए इस दिन अबूझ व सर्वश्रेष्ठ मुर्हूत होता है। अर्थात् किसी भी मांगलिक कार्य के लिए योग, ग्रह–नक्षत्र, वार, चन्द्रमा आदि देखने की आवश्यकता नहीं होती। शास्त्रों में अंकित है कि इस दिन दान, हवन और जप करने पर अक्षय फल मिलता है। इस दिन व्यापार एवं विद्या आरंभ करना, गृह प्रवेश, विवाह आदि किया जाना अति शुभ माना जाता है एवं स्थायी व दीर्घ अवधि तक रहता है।

इस दिन को सतयुग एवं त्रेतायुग का आरम्भ होना माना जाता है। इस दिन ही बद्रीनाथ धाम के पट खोले जाते हैं। इस दिन पंखी, जल से भरे मटके, छाता, फल, खड़ाऊ आदि का दान करना अच्छा माना गया है।

राजस्थान में अक्षय तृतीया के दिन अनेक शादियाँ होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन बाल विवाह भी होते रहे हैं। [इसका पत्रिका समर्थन नहीं करती]। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। खेलने व पढ़ने की उम्र में विवाह करके बालक–बालिकाओं की जिन्दगी खराब कराना सामाजिक दृष्टि से कतई उचित नहीं है। सरकार ने इसके विरुद्ध कानून बनाये हैं ताकी बाल विवाह रुक सकें। हमारी अपील है कि बालविवाह नहीं करें।

## कुमावत मंच ने विवाह योग्य युवक–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजित किया

27 मार्च 2022 को अखिल भारतीय क्षत्रिय कुमावत मंच.(रजि.) विश्वस्त संस्थान परिवार, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित प्रथम विवाह योग्य युवक–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन, जयपुर में किया गया। आयोजकों के पास लगभग 350 प्रविष्टियां आयी, कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत से कुमावत समाज बंधु अपने बच्चों बच्चियों के साथ सुयोग्य वर–वधू को तलाशने को आए। सभी प्रतिभागियों का परिचय मंच के द्वारा कराया गया। उसके उपरांत कई परिवार आपस मे चर्चा कर सम्बन्ध बनाते देखे गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मधु कुमावत, प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी व श्री एल एन मारू साहब समाज सेवी देवास मध्यप्रदेश पधारे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत किया, इसके अलावा क्षत्रिय कुमावत समाज की विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मनोज सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीमती इंदु जी महिला राष्ट्रीय अध्यक्षा, श्री राजेश कुमावत राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता व कवि हेमंत कुमावत, श्री तरुण कुमावत राष्ट्रीय सलाहकार, मंच के वरिष्ठ साथी श्री बालकिशन जी कुमावत झारड़ा महिदपुर, श्री अनिल कुमावत प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली, श्रीमती सुमन कुमावत महिला प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, श्रीमती निशा बालोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान, श्री लोकेश कुमावत प्रवक्ता राजस्थान, श्री भवानी शंकर घोड़ेला प्रभारी राजस्थान, श्रीमती कोमल कुमावत अध्यक्ष जयपुर, जय प्रकाश जी कुमावत सीकर जिला अध्यक्ष, सुरेश कुमावत प्रचार मंत्री सीकर आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

प्राप्त प्रविष्टियों से तैयार बॉयोडाटा की पुस्तक का प्रकाशन किया जावेगा, जिन्हें यह पुस्तक चाहिए वह संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

– **मनोज सिंह** , राष्ट्रीय अध्यक्ष,
अखिल भारतीय क्षत्रिय कुमावत मंच, जयपुर

## 10 मई से बूंदी में सामुहिक विवाह

सकल पंचान श्री क्षत्रिय कुमावत समाज, बोरखण्डी, तह. हिण्डोली, जिला बूंदी, राजस्थान में मंगलवार, 10 मई, 2022 को नि:शुल्क द्वितीय सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 21 जोड़ों के विवाह करना प्रस्तावित है। इसके लिए 30 अप्रेल तक पंजीयन, 1 रुपया व नारियल (पंजीयन शुल्क) देकर कराया जा सकता है। साथ ही श्री श्री मुरलीधर ठाकुर जी महाराज (कुमावत समाज) सेवा एवं विकास समिति, बोरखण्डी तथा संचालक श्री कुमावत क्षत्रिय युवा संगठन, बोरखण्डी है। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष श्री रूपचन्द्र खूंखवाल मो. 9982837113 तथा समिति पदाधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है।

## सामूहिक विवाह

**3 मई, 2022 अक्षय तृतीय**

- ग्राम सुभागपुरा, तहसील उनियारा, टोंक, राजस्थान
- ब्यावर, जिला अजमेर, राजस्थान
- चित्तौड़गढ़ सामुदायिक भवन, गांधी नगर

**10 मई, 2022 जानक नवमी**

- खेड़ा बालाजी, माधोराजपुरा, फागी, जिला जयपुर
- बोरखण्डी, तहसील हिण्डोली, बूंदी

## किरण कुमावत का CHA में चयन



किरण कुमावत पुत्री श्री देवाराम कुमावत, आलीसर, चौमूं, जयपुर का चयन CHA में होने पर कुमावत इण्डिया पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

# नेहरू संग्रहालय अब प्रधानमंत्री संग्रहालय



14 अप्रेल, 2022 से अम्बेडकर जयंति के दिन तीनमूर्ति भवन, नई दिल्ली स्थित नेहरू संग्रहालय अब 'प्रधानमंत्री संग्रहालय' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।

अब इसमें नेहरू जी के साथ 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है तथा उनके भाषण भी लोग सुन सकेंगे। 14 प्रधानमंत्रियों द्वारा राष्ट्र निर्माण में योगदान को दर्शाने के लिए उनसे जुड़ी व्यक्तिगत वस्तुएं भी रखी गयी हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में हर सरकार का योगदान है, अधिकांश प्रधानमंत्री बहुत ही साधारण परिवार से थे, यह मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा। सबके नेतृत्व, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के अलग आयाम रहे हैं। इस संग्रहालय से युवा पीढ़ी जानेगी व प्रेरणा लेगी।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री गैलेरी का उद्घाटन उनके पोते आदर्श शास्त्री ने किया तथा कहा कि ऐसे संग्रहालय का देश को लम्बे समय से इंतजार था।

# ब्यावर में निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर संपन्न



श्री कुमावत पंचायत सभा ब्यावर, द्वारा तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर (5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक) सुंदर नगर पंचायत भवन में संपन्न हुआ।

5 अप्रैल को शिविर का उद्घाटन ब्यावर नगर परिषद सभापति श्री नरेश कन्नौजिया के द्वारा किया गया तथा एक्यूप्रेशर चिकित्सकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस शिविर में आसपास के क्षेत्रों के लोगों एवं कुमावत समाज के लगभग 500 लोगों का पेट के दर्द, घुटने के दर्द, सिर दर्द तथा अनेक असाध्य रोगों का इलाज कराया।

7 अप्रैल को शिविर का समापन ब्यावर विधायक श्री शंकर सिंह जी रावत के द्वारा किया गया। शिविर में डॉक्टर विवेक एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी। शिविर में सेवा देने वाले डॉक्टर्स की टीम, कार्यकर्ताओं, समाजबंधुओं एवं महिला मंडल ने शिविर की सफलता के लिए बहुत अच्छा कार्य किया। निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर आयाजित करने पर श्री कुमावत पंचायत सभा, ब्यावर का बहुत-बहुत आभार।

# सैलाना में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

सैलाना। कुमावत समाज ने कुमावत धर्मशाला में हिन्दु नववर्ष पर नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा धूमधाम से मनाया, सुबह समाज जनों ने होली भी खेली।

समाज युवा संगठन ने कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं, जिन्होंने सर्वाधिक अंक हासिल किये, उन्हें शील्ड एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगोली, पेंटिंग एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं हुई जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन परिवारों को भी सम्मानित किया जिनके घर बेटियों ने जन्म लिया। अन्त में सामुहिक भोज का आयोजन हुआ।

प्रतिभाओं के सम्मान, महिलाओं की प्रतियोगिताओं में भागीदारी एवं बच्ची के जन्म पर परिवार का सम्मान से हमारा समाज प्रगति कर पायेगा। इस हेतु **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से आयोजकों को धन्यवाद।




# मुकेश ने पहली रैंक लाकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा असिस्टेंट ड्रग एनालिस्ट की भर्ती परीक्षा 11 पदों पर आयोजित की गई थी। इसमें शाहपुरा तहसील के ग्राम खोली निवासी मुकेश कुमार कुमावत पुत्र छीतरमल कुमावत ने प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल कर क्षेत्र और परिवारजनों एवं समाज का नाम रोशन किया है। मुकेश वर्तमान में सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं।

**'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से मुकेश कुमावत को हार्दिक बधाई।

# गर्मियों में बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी टिप्स

**( Baby Care In Summer )**



गर्मी का मौसम छोटे बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है। तेज धूप में स्कूल जाना या स्कूल से लौटना, घर के बाहर खेलना और यात्रा करना बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। बच्चों की त्वचा कोमल होती है और बढ़ते-घटते तापमान का असर भी बच्चों पर बहुत जल्दी पड़ता है। ऐसे में अगर आपके बच्चे गर्मी में धूप में बाहर जाते हैं, तो उन्हें डिहाइड्रेशन, सनबर्न, फूड प्वायजनिंग जैसी कई बीमारियों का खतरा रहता है। बच्चों के स्वास्थ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसलिए गर्मी के मौसम में बच्चों को घर से बाहर भेजते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

सही कपड़े : गर्मियों के दौरान बच्चों के शरीर को ठंडा और हवादार रखना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले उनके कपड़ों पर ध्यान देना चाहिए। गर्मी के मौसम में बच्चों को हमेशा सूती (कॉटन) और ढीले कपड़े पहनाना सही रहता है। सूती कपड़े शरीर के भीतर के तापमान को बाहर जाने देते हैं, जिससे तापमान सामान्य बना रहता है। सूती कपड़े बच्चे को ओवर हीट (अधिक गर्म शरीर) होने से बचा सकते हैं। इससे त्वचा रोग से बच्चे को बचाने में भी मदद मिलती है

घर के अंदर बच्चों को आधी बाजू या बिना बाजू के कपड़े पहनाना सही है। घर के बाहर मच्छरों और धूप से बचाने के लिए पूरी बाजू के हल्के कपड़े पहनाएं। इसके अलावा, गर्मियों में बच्चों को हल्के रंग के कपड़े पहनाएं, क्योंकि गहरे रंग ज्यादा तापमान अवशोषित करते हैं, जिससे ज्यादा गर्मी लगती है

**बच्चों को हाइड्रेट रखें :** शरीर को डिहाइड्रेशन यानी पानी की कमी से बचाने के लिए छह महीने से अधिक आयु वाले बच्चों का विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती है। इसका कारण यह है कि छोटे बच्चों की पानी की जरूरत बड़ों से अलग होती है। इसके कई कारण हैं, जैसे बच्चों के शरीर में पानी का प्रतिशत और उसका बाहर निकलना, दोनों ज्यादा होते हैं। साथ ही छोटे बच्चे अपनी प्यास को जाहिर नहीं कर पाते। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर बच्चों को तरल पदार्थ देने चाहिए,

**बच्चों को पानी की बॉटल जरूर दें**

आपका बच्चा घर से स्कूल जाए, पिकनिक पर जाए, दोस्तों के साथ खेलने जाए या ट्रैवेल करने जाए, उसे अपने साथ ले जाने के लिए पानी की बोतल जरूर दें। तेज गर्मी में शरीर के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए बहुत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। गर्मी में पसीना भी बहुत निकलता है। इसलिए अगर बच्चा पर्याप्त पानी नहीं पीता है, तो उसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। बच्चों को समझाएं कि स्कूल से घर आते समय भी वो अपनी पानी की बोतल भर लिया करें और रास्ते में हर 10-15 मिनट में 2 घूंट पानी पीते रहें।

बच्चों को उम्र और स्वास्थ्य के हिसाब दिन में कितने पानी या तरल पदार्थ की जरूरत है, इसकी सलाह डॉक्टर से लें।

**दोपहर में बच्चों को बाहर न निकलने दें**

तेज गर्मी में घूमने या खेलने से बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। ऐसे में बच्चों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर या छत पर न निकलने दें। इस दौरान बच्चों को घर के अंदर रहने की सलाह दें। अगर बच्चों की छुट्टी है, तो दोपहर में उन्हें इनडोर गेम्स (घर के अंदर खेले जाने वाले खेल) खेलने, किताबें पढ़ने, स्कूल होमवर्क पूरा करने और छुट्टियों के असाइनमेंट और प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए कहें। बच्चों की इन कामों में मदद करें।

**बच्चों को धूप से बचाने के लिए अपनाएं ये उपाय**

बच्चे हों या बड़े, धूप में घर से बाहर निकलते समय त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। छोटे बच्चों के लिए ऐसा सनस्क्रीन या डे क्रीम चुनें, जिसमें पैराबिन्स, सल्फेट और एल्कोहल न हो। गर्मी के मौसम में कम से कम 20-25 SPF का सनस्क्रीन इस्तेमाल करना ठीक रहता है। सनस्क्रीन त्वचा को धूप की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा बच्चों को धूप से बचाने के लिए उन्हें चौड़ी टोपी पहनाएं। टोपी चुनते समय ध्यान रखें कि टोपी कपड़े की बनी हो। प्लास्टिक मैटीरियल्स से बनी टोपियां सिर में रक्त संचार को बाधित करती हैं। अगर बच्चा थोड़ा बड़ा है और अकेले सफर करता है, तो उसे छोटा सा छाता दें, जिसका इस्तेमाल वो धूप में पैदल चलने के दौरान कर सकता है।

**बच्चों का आहार :** गर्मियों के दौरान बच्चों के आहार का ध्यान रखना भी जरूरी है, जो इस प्रकार है-

बच्चों का खाना तैयार करते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें. बच्चों को बना बनाया आहार दें या उसे घर पर तैयार करें उसकी गुणवत्ता इस बात पर निर्भर करती है कि भोजन कितनी साफ सफाई से तैयार किया गया है ।

बाहर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ (स्ट्रीट फूड) बच्चों को न दें, क्योंकि इन्हें तैयार करने में साफ- सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है

बच्चों को खाना देते समय पहले खुद उसकी गुणवत्ता जांच लें, क्योंकि गर्मियों में खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो सकते हैं

बच्चों के टिफिन और बोतल आदि स्टील के होने चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक के बर्तन इस्तेमाल करने के अपने अलग नुकसान हैं।

**गर्मियों में डायपर :** अगर बच्चों के लिए डायपर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उसे ज्यादा देर तक गीला न छोड़े। गर्मियों के दौरान बच्चों के जननांगों में और उसके आसपास डायपर रैशेज की समस्या हो सकती है ऐसे में कुछ समय के लिए बच्चों को सूती लंगोट पहनाएं और डॉक्टर द्वारा बताई गई एंटीसेप्टिक क्रीम का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, दिन में कम से कम एक बार शिशु को बिना डायपर व लंगोट के रहने दें। इससे शिशु की त्वचा पर प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

**आइसक्रीम और कोल्डड्रिंक :** छोटे बच्चों को ठंडक देने के लिए आइसक्रीम और कोल्डड्रिंक का प्रयोग न करें। इनमें अधिक मात्रा में शुगर होती है, जो दांतों को खराब करने के साथ-साथ कई बीमारियों का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों को इस तरह के पदार्थों से दूर रखना चाहिए । अगर आप बच्चों को ठंडे तरल पदार्थ देना चाहते हैं, तो उन्हें घर में ही बनाकर दें। वहीं, छह माह से छोटे बच्चों को मां का दूध ही पर्याप्त होता है। उन्हें अतिरिक्त तरल पदार्थ न दें

गर्मियों में बच्चों का बिस्तर हल्का रखें। बहुत अधिक गरम गद्दों का प्रयोग न करें। उस पर सूती चादर बिछाएं। समय-समय पर बिस्तर को धोते रहें।

**गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** गर्मियों के दौरान कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। अगर बच्चों को गर्मी के कारण होने वाली बीमारी के निम्न लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

**लू लगने ( हीट स्ट्रोक ) के लक्षण :**

- शरीर का उच्च तापमान ($103^{\circ}F$ या इससे अधिक)
- गर्म, लाल, सूखी त्वचा
- धड़कन तेज होना
- जी मिचलाना
- उलझन या झुंझलाहट
- बेहोशी

**सन बर्न या धूप में झुलसने के लक्षण :**

- त्वचा का लाल होकर जलन होना
- त्वचा पर फफोले पड़ना

इस लेख में आपने जाना कि कैसे छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर छोटे बच्चों को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है। ऊपर दिए गए सारे उपाय बच्चों को गर्मियों के दौरान ठंडा और स्वस्थ रहने में मददगार साबित ही सकते हैं। गर्मियों के दौरान इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल दें। अगर आपको महसूस हो कि बच्चे को कुछ ज्यादा असुविधा हो रही है या उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तो जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करें।

**चेतन कुमावत ( धुंधारिया ).... पेज 5 से आगे**

उसे समाज सदैव याद करेगा। आप द्वारा जरूरतमंद लोगों को राशन, ग्रीन वेजिटेबल, मास्क, सेनेटाइजर व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली होम्यापैथिक दवा का वितरण घर-घर जाकर किया, यह बहुत ही सराहनीय है। आप अपने कुशल नेतृत्व द्वारा टीम के सदस्यों के साथ समाज में नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

आप आज न केवल कुमावत समाज अपितु संपूर्ण राजस्थान में अपनी विशिष्ठ छवि बना चुके हैं। आप द्वारा पंच, सरपंच, उप सरपंच तथा नगर निगम चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में दिन रात मेहनत कर प्रत्याशियों की जीत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने आपको जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर के पद पर नियुक्ति दी है। आपकी कार्यकुशलता, सादगी और पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने पर आपको यह कमान सौंपी है। भाजपा ने जो दायित्व आपको सौंपा है आप अवश्य ही उसे पूर्ण करने में सफल होंगे। आप सदैव जीवन पथ पर ऐसे ही आगे बढ़ते रहें। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से आपको बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना।

**पराजय तब नहीं होती, जब आप गिर जाते हैं...**
**बल्कि पराजय तब होती है, जब हम उठने से,**
**इनकार कर देते हैं।**

## नावां की बेटी डिम्पल कुमावत का SSF में चयन

नावां की बेटी डिम्पल कुमावत पुत्री श्री देवीलाल पचेरीवाल का भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में स्पेशियल सिक्योरिटी फोर्स के पद पर चयन हुआ है। डिम्पल साधारण परिवार से हैं। डिम्पल 7 बहिनों में सबसे बड़ी है ने माता-पिता एवं कुमावत समाज का नाम रोशन किया है। **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से डिम्पल कुमावत को हार्दिक बधाई।

## सुमन प्रोबेशनरी ऑफिसर पर चयनित

सुमन घोड़ेला निवासी नावां का एसबीआई में प्रोबेशनरी अधिकारी पद पर चयन हुआ है। सुमन जब 12 वर्ष की थी, तब उसके पिता कानाराम घोड़ेला का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। इसके बावजूद भी परिवार ने हिम्मत नहीं हारी ओर हर चुनौती का सामना किया। **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से सुमन घोड़ेला को हार्दिक बधाई।

**रिश्ते अंकुरित होते हैं प्रेम से, जिन्दा रहते हैं संवाद से।**
**महसूस होते हैं संवेदनाओं से, जिये जाते हैं दिल से।**
**मुरझा जाते हैं, गलत फहमियों से।**
**और बिखर जाते हैं, अंहकार से।**

# 58वीं श्री हनुमत चरित कथा





12 से 16 अप्रैल 2022 तक दादूद्वारा बगीची, कुमावत कॉलोनी, खातीपुरा रोड, झोटवाड़ा, जयपुर पर 108 कथा श्रृंखला की कड़ी में श्रद्धेय संत श्री मुरली मनोहर 'अकिंचन' के श्रीमुख से 5 दिवसीय 'श्री हनुमत चरित कथा' का 58वां आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने कथारस का आनंद लिया।

महाराजश्री ने इस दौरान हनुमान चालीसा की चौपाइयों का रामायण, रामचरित मानस, विनय पत्रिका, मानस आदि धार्मिक ग्रथों का उद्धरण देते हुए सरल भाषा में मंथन किया तथा सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अकिंचन जी महाराज के मुखारविंद से देश भर में 465 श्रीमद्भागवत कथाएं (लगातार 151 कथाएं की), 50 राम कथाएं, 15 नानी बाई का मायरा तथा 58 हनुमत चरित कथाएं हो चुकी हैं।

हम हनुमान चालीसा को वर्षों से पढ़ व सुन रहे है पर इसकी चौपाइयों का अर्थ व भावार्थ क्या है यह पहली बार जानकर श्रद्धालुगण भावविहोर हो गए। संत ही हनुमानजी की महिमा का ऐसा गुणगान कर सकते है।

अकिंचन महाराज ने हनुमान चालीसा की चौपाई **'विद्यावान गुणी अति चातुर, राम काज करिबे को आतुर'** का मर्म तथा व्याख्या समझाते हुए बताया कि 'विद्वान' और 'विद्यावान' दोनों शब्द दिखने में समान लगते हैं, लेकिन दोनों में अंतर है। रावण विद्वान था जबकि हनुमान जी विद्यावान हैं। रावण के दस सिर हैं- चार वेद और छ: शास्त्र दोनों मिलाकर दस हैं, इन्हीं को दस सिर कहा गया है। जिसके सिर में ये दसों भरे हों वही दस शीश हैं। रावण वास्तव में विद्वान है, लेकिन विडम्बना देखिए सीता जी का हरण करके ले गया। कई बार विद्वान लोग अपनी विद्वता के कारण दूसरों को शांति से नहीं रहने देते, उनका अभिमान दूसरों की सीतारूपी शांति को हरण कर लेता है और हनुमान जी उन्हीं खोई हुई सीतारूपी शांति को वापस भगवान से मिला देते हैं। इसलिए व्यक्ति को विद्यावान भी होना चाहिए। विद्वता भले ही कम हो, मगर विद्या के प्रति अनुराग होना चाहिए।

बताया गया कि इस स्थल पर किसी भी धार्मिक कथा के आयोजन में पहले 25 से 30 लोग ही जुटते रहे है, पर पहली बार सैकड़ों लोगों का यहां कथा सुनने आना एक रिकॉर्ड बन गया। हनुमान जन्मोत्सव के दिन कथा का अंतिम दिन था और श्रद्धालुओं से कथा स्थल खचाखच भरा था। कथा सुनने जो भी श्रद्धालु आए उनका मन था कि अकिंचन महाराज यह कथा और सुनाते रहे।

अंत में श्री मोहन कुमार बालोदिया ने हाल ही में स्वयं का गाया व स्वरबद्ध किया भजन यूट्यूब पर जारी, ''भजले राम-राम....'' गा कर सुनाया।

आयोजक श्री सी एम कुमावत ने आयोजन समिति, दादुद्वारा बगीची समिति, वरिष्ठ भक्तजनों तथा कार्यकर्ताओं का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।



# सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा का पंचम स्थापना दिवस एवम् सम्मान समारोह आयोजित

2 अप्रैल 2022 को सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) द्वारा अपना पंचम स्थापना दिवस एवम् सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर में किया गया। श्री लोकेश कुमावत ने आगन्तुकों का स्वागत किया। इसके बाद सांस्कृतिक मंत्री श्री परशुराम जी स्वामी ने स्वागत गीत व कुमावत गीत गाकर सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। समारोह में महासभा के मुख्य सलाहकार श्री विमल




कुमावत ने समाजबन्धुओं को अधिक से अधिक सदस्य बनने का आह्वान किया तथा वर्ष 2024 तक 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री हरीश कुमावत, राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री बी. डी. कुमावत, पुलिस उप अधीक्षक श्री प्रभुदयाल कुमावत रहे। मंचासीन पदाधिकारी सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामेश्वर बंबोरिया, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार श्री विमल कुमावत, राष्ट्रीय महामंत्री श्री लोकेश सैंगाठिया व श्री रूपसिंह कारगवाल, उच्चाधिकार समिति संयोजक श्री सुरेन्द्र नागा थे।

समारोह में निम्न समाजजनों को समाज सेवा में अनुकरणीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया:-


कुमारी प्रियंका कुमावत (बैडमिंटन), कुमारी पूजा कुमावत (शिक्षा क्षेत्र) केकड़ी, श्री मनोहर नराणिया (सक्रिय कार्यकर्ता महासभा, जयपुर), जयपुर शहर परकोटा क्षेत्र से सुश्री तारा कैकटिया व अंता (बारां) से श्री कमल कुमावत, साहसिक कार्य हेतु देवली के श्री हंसराज बालोदिया, अनुकरणीय सेवा हेतु जयपुर से शंकर लाल चेजारा, समाज सेवा हेतु मरणोपरांत जयपुर के स्वर्गीय श्री गोपाल सिंह नांदीवाल, स्वर्गीय श्री सुभाष तोंदवाल व स्वर्गीय श्री राजेश देवतवाल तथा समाज सेवा हेतु अनुकरणीय योगदान के लिए कोटा के श्री नगेंद्र नरानिया, उज्जैन के श्री मनोहर लाल कुमावत, चौमू की डॉक्टर सुनीता कुमावत, दांतारामगढ़ से पदम् श्री सम्मान से सम्मानित श्री सूंडाराम, जयपुर से श्रीमती बिमला कुमावत, श्री चेतन धुंधारिया, श्री हनुमान प्रसाद रेणीवाल तथा श्री सुरेन्द्र नागा।

श्री रूप सिंह कुमावत महामंत्री ने आगन्तुकों को पधारने के लिए धन्यवाद दिया व आभार व्यक्त किया।

## नीलम कुमावत स्कूल व्याख्याता चयनित



श्रीमती नीलम कुमावत पत्नी श्री मोहित कुमावत, झोटवाड़ा, जयपुर का (लेखा परीक्षक, रक्षा लेखा विभाग) का राजकीय सेवा में स्कूल व्याख्याता (भौतिकी) में चयन हुआ। आप पूनम कुमावत (अध्यक्षा, महिला मोर्चा सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा) की बहु हैं। श्रीमती नीलम कुमावत को बधाई एवं शुभकामनाएं।






# चेतन कुमावत

## जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा, जयपुर शहर

बनने पर

## हार्दिक बधाई व शीर्ष नेतृत्व का आभार

शुभेच्छुः



**विमल कुमावत**

पूर्व उपमहापौर व उपाध्यक्ष
जयपुर शहर, भाजपा
मो. 9928193094



**सुनील कुमावत**

प्रदेश सह-संयोजक
सहकारिता प्रकोष्ठ, भाजपा
मो. 9829143475



**रामेश्वर बम्बोरिया**

संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ
भाजपा, अजमेर देहात
मो. 7239942648

ताराचंद सिरोहिया, रूप सिंह कारगवाल, जयनारायण जूनवाल, रामप्रकाश मारवाल, जयसिंह गुड़ीवाल, मनोहर निराणियां, जीवराज सिरोहिया, ओम प्रकाश निराणियां, सोहन लाल अजमेरा, महेश कारगवाल, शिवदयाल धुंधारिया, नवल किशोर बबेरीवाल, सावित्री अनावड़िया, यशपाल कंडेरीवाल, ओमप्रकाश कैक्ट्या, पूनम अजमेरा, संदीप कुण्डलवाल, खेमचन्द खड़गटा, राकेश मरोड़िया, विजय कारगवाल, पूनम कुद्दीवाल, सोनिया डाल, शीला अनावड़िया, सावित्री अनावड़िया, सरोज बड़ीवाल, गोपाल सिंह खोवाल, शशिकांत कुमावत, गौरव कुमावत, लालचन्द मारवाल, भीमसिंह बधानिया, मेघना कुमावत, बाबूलाल खूंखवाल, सुनील अनावड़िया (दांता रामगढ़), डॉ. मदनलाल तूंदवाल, महेश कुद्दीवाल, रामप्रकाश छापोला, विजेन्द्र मारवाल, डॉ. अमरचन्द चौरासिया, नन्द किशोर होदकास्या, सावित्री सोकल, घनश्याम दास खड़गटा, नानगराम सिरस्वा, पीयूष कुमावत, पिंकी बधानिया, लल्लूलाल बैरा, गौरी शंकर कुमावत, मोहन खोरानिया, छोटीलाल खोरानिया व समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# चेतन कुमावत ( धुंधारिया ) ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष बने



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनियां के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने जयपुर निवासी चेतन कुमावत को संगठन में जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर नियुक्त किया है। चेतन कुमावत को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जयपुर शहर जिलाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं व समाज में खुशी की लहर व्याप्त है। खबर सुनते ही कुमावत के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। पार्टी ने यह कमान कुमावत की कार्यकुशलता, सादगी और पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने पर सौंपी है। कुमावत द्वारा पंच, सरपंच, उप सरपंच, पंचायत तथा नगर निगम चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में दिन रात मेहनत कर प्रत्याशियों की जीत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा कोरोनाकाल की विषम परिस्थितियों में अपनी जान की परवाह न करते हुए जयपुर शहर में अपनी सेवायें दी थी। चेतन कुमावत ने कहा कि भाजपा मेरा परिवार है और मैं सभी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा को मजबूत बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।

**कुमावत इंडिया पत्रिका ने किया भव्य स्वागत**

चेतन कुमावत के जिलाध्यक्ष बनने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार की ओर से पुष्पमाला व गुलदस्तों से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। पत्रिका के अध्यक्ष रमेश गैदर ने कहा कि कुमावत सामाजिक कार्यकर्त्ता, सरल स्वभाव, कर्मठ, जुझारू, युवा व ऊर्जावान व्यक्ति है। जो दायित्व इनको सौंपा है उसे ये पूर्ण करते हुए जन-जन तक लाभ पहुंचायेंगे। इस अवसर पर पत्रिका परिवार के सी.एम. बडीवाल, चेतन बालोदिया, भारती तोंदवाल ट्रस्टी, सह-सम्पादक जयसिंह गुडीवाल, उप-कोषाध्यक्ष खेमचंद खडगटा तथा पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।


बधाई



श्री चेतन कुमावत

को बीजेपी ओबीसी मोर्चा के जयपुर शहर जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर

हार्दिक बधाई।

शुभेच्छु

सूरज मल अनावड़िया

विकास अनावड़िया

विज्ञापन

ए-22-डी, इंद्रपुरी कॉलोनी, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-302015





हेमचन्द खड़गटा

एवं

पुष्पा भौरोंदिया

की

विवाह की 53वीं वर्षगांठ

21 अप्रेल, 2022 पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


शुभेच्छु

खड़गटा परिवार मोती डूंगरी, जयपुर एवं

कुमावत (खड़गटा-धुंधारिया) जनमंगल सेवा ट्रस्ट, जयपुर

विज्ञापन

# महिला शिक्षा के प्रेरणा पुँज : ज्योतिराव फूले



